# मेरे सांवरे का प्यार सदा मुझ पर यूँ बरसता रहता है लिरिक्स

मेरे सांवरे का प्यार सदा,
मुझ पर यूँ बरसता रहता है,
बंद नैनो से भी मुझको बस,
दीदार इन्ही का होता है,
मेरे साँवरे का प्यार सदा,
मुझ पर यूँ बरसता रहता है।bd।

तर्ज – मेरे सामने वाली खिड़की।

---

जिस रोज से इनके दर आए,
हम दु:ख अपना सब भूल गए,
भजनों में इनके यूँ खोए,
कही आना जाना भूल गए,
अब हर पल मेरे खयालों में,
बस श्याम नाम ही रहता है,
बंद नैनो से भी मुझको बस,
दीदार इन्ही का होता है,
मेरे साँवरे का प्यार सदा,
मुझ पर यूँ बरसता रहता है।bd।

---

दु:ख की अब ये औकात नहीं,
की छु भी हमको वो पाए,
मायूसी अब ना जीवन में,
बस हँसे हँसाए और गाए,
इनकी कृपा से ना चिंता,
ना कोई डर सताता है,
बंद नैनो से भी मुझको बस,
दीदार इन्ही का होता है,
मेरे साँवरे का प्यार सदा,
मुझ पर यूँ बरसता रहता है।bd।

---

बाबा की शीतल छाया में,
मैं सारे ही सुख पाती हूँ,
‘कृष्णा’ हर पल तेरा शुकर करे,
चरणों में शीश नवाती हूँ,
अब “माया” मोह नहीं कोई,
अब श्याम नाम का गाना है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बंद नैनो से भी मुझको बस,
दीदार इन्ही का होता है,
मेरे साँवरे का प्यार सदा,
मुझ पर यूँ बरसता रहता है।bd।

---

मेरे सांवरे का प्यार सदा,
मुझ पर यूँ बरसता रहता है,
बंद नैनो से भी मुझको बस,
दीदार इन्ही का होता है,
मेरे साँवरे का प्यार सदा,
मुझ पर यूँ बरसता रहता है।bd।

**Singer – Krishnapriya Ji**
**Lyricist – Maya Goyal Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com